आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 05.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में 'गार्गी नारी शक्ति' चैटबॉट का लोकार्पण किया, कहा– यह पहल उत्तराखण्ड की महिलाओं को डिजिटल माध्यम से सशक्त बनाएगी।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने श्रीनगर में 2 सौ 48 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- केंद्रीय रेशम बोर्ड और एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्गों पर शहतूत वृक्षारोपण परियोजना के माध्यम से हरित राष्ट्रीय राजमार्ग को बढ़ावा देने में जुटा।
- चारधाम यात्रा पर आने वाले देश–विदेश के तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आठ भाषाओं में ब्रोशर प्रकाशित की जाएगी।
- चैत्र नवरात्रि का विशेष पर्व दुर्गा अष्टमी प्रदेशभर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।
- गार्गी नारी शक्ति' चैटबॉट

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून में 'गार्गी नारी शक्ति' चैटबॉट का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल नारी सशक्तीकरण को गति देने के साथ ही उत्तराखण्ड की महिलाओं को डिजिटल माध्यम से सशक्त बनाएगी। उन्होंने चैटबॉट को डिजिटल युग में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह चैटबॉट महिलाओं को कानूनी सहायता, करियर परामर्श, वित्तीय साक्षरता, सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सहायता प्रदान करेगा, यह एप्लिकेशन प्ले स्टोर पर उपलब्ध रहेगा।

नियुक्ति पत्र

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 248 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। ये सभी अधिकारी राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित किए गए हैं। इस अवसर पर डॉ रावत ने कहा कि नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों के सहयोग से मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और मरीजों को बेहतर देखभाल व सुविधा मिल सकेंगी।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक और विकास संबंधी भागीदारी को मजबूत बनाना है। दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा और ऊर्जा  सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

शहतूत पौधरोपण

केंद्रीय रेशम बोर्ड और एनएचएआई, रूड़की में तीन राष्ट्रीय राजमार्गों पर शहतूत वृक्षारोपण परियोजना पर कार्य कर रहा हैं, जिसका उद्देश्य हरित राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्रामीण आजीविका का सृजन करना है। इस परियोजना का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रहने वाले ग्रामीणों को रेशम उत्पादन के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाना है। एनएचएआई देहरादून की संयुक्त सलाहकार श्रुति शर्मा ने वृक्षारोपण स्थल का दौरा करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इस परियोजना से जोड़ा जाएगा।

क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक छत्रपाल ने कहा कि इस परियोजना से रेशम उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और लघु उद्योग के रूप में यह परियोजना ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक शीघ्र ही दस और पांच सौ रुपये के नए नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी के चित्र नई सिरीज के होंगे और इनपर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले से ही जारी दस और पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन जारी रहेगा।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले देश–विदेश के तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आठ भाषाओं में ब्रोशर यानी की विवरणिका प्रकाशित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि विवरणिका का प्रकाशन हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, बंगाली मराठी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में किया गया है। श्री थपलियाल ने बताया कि विवरणिका से तीर्थयात्रियों को श्री बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री सहित पंच बदरी, पंच केदार और श्री बदरीनाथ धाम के अंतर्गत आने वाले मंदिरों के बारे में जानकारी मिलेगी।

चैत्र नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर आज प्रदेशभर में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना की गयी। देवी महागौरी का श्वेतवर्ण स्वरूप पवित्रता, शांति और करुणा का प्रतीक है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तो ने देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप 'महागौरी' की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। आज के दिन लोगों ने कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लेकर नवरात्र साधना का परायण किया। मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान हुए। जो श्रद्धालु नवरात्र में नवमी पूजन करते हैं वे कल कन्या पूजन के साथ नवरात्र साधना का परायण करेंगे। तीर्थनगरी हरिद्वार में भी मां दुर्गा की आराधना का विशेष पर्व दुर्गा अष्टमी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थनगरी के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

उधर, चम्पावत जिले के माँ पूर्णागिरि, माँ बाराही, माँ भगवती, माँ शीतला देवी, सहित विभिन्न मन्दिरो में श्रद्धालुओं ने माँ महा गौरी की पूजा अर्चना कर सभी के सुखमय जीवन की कामना की।

चंपावत से हमारे सहयोगी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर देश के कोने–कोने से हजारों श्रद्धालु मां देवी के दर्शन व पूजा–अर्चना के लिए पूर्णागिरि मेले में पहुंच रहे हैं, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्थाएं की हैं।

निशुल्क बीज

बागेश्वर जिले के 29 पशु चिकित्सालयों और पशु सेवा केंद्रों में चारा बीज का वितरण शुरू हो गया है। पशुपालन विभाग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर मक्का और ज्वार के बीज का वितरण कर रहा है। जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमल तिवारी ने बताया कि न्यूनतम दो किलो मक्का और आधा किलो ज्वार के बीज दिए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर इस योजना का लाभ उठाएं।

निशुल्क बीज मिलने पर पशुपालक भी खुश हैं। पशुपालक उर्बादत्त जोशी का कहना है सरकार का ये कदम बहुत लाभकारी है।